# CCE RR

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H** ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

**Code No. : 85-H Subject : SOCIAL SCIENCE**

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।

ii) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

iii) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

viii) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।

I. नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न / अपूर्ण वाक्यांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक सही अथवा सर्वथा उपयुक्त है । सही विकल्प का चयन करते हुए उसे प्रश्न के नीचे प्रदत्त निर्धारित स्थान पर पूर्ण रूप से संकेताक्षर सहित लिखें । 10 × 1 = 10

1. **स्तम्भ - A** में प्रदत्त व्यक्तियों का **स्तम्भ - B** में प्रदत्त उपयुक्त तथ्यों से मिलान कर सही उत्तर का चयन करें :

| **स्तम्भ - A** | **स्तम्भ - B** |
|---|---|
| (a) फजल अली | (i) राज्यों का एकीकरण |
| (b) शेख अब्दुल्ला | (ii) प्रथम राष्ट्रपति |
| (c) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद | (iii) राज्य पुनर्गठन आयोग |
| (d) सरदार वल्लभभाई पटेल | (iv) नेशनल कॉन्फरेन्स पार्टी। |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | iv | ii | i |

2. चीन में प्रत्यक्ष निम्न में से किस घटना के इतिहास में असामान्य सैनिक कार्यवाही का वर्णन करता है ?

(A) सुदीर्घ पदयात्रा (B) लीप फारवर्ड

(C) सांस्कृतिक विद्रोह (D) लोकतंत्र के लिए विद्रोह ।

3. भारत अलिप्त विदेशी नीति अपनाया है । इसका तात्पर्य है कि भारत

(A) अमेरिकी गुट में शामिल हुआ है (B) दोनों गुटों से समान दूरी बनाए रखे हैं

(C) रूसी गुट में शामिल हुआ है (D) विस्तारवाद की नीति अपनाता है ।

4. विश्व संस्था ( UNO ) का कौन-सा अंग विश्व संसद कहलाता है ?

(A) सचिवालय

(B) सुरक्षा समिति

(C) सामान्य सभा

(D) अधिवेशासन समिति ( ट्रस्टी कौन्सिल ) ।

5. भारत के संविधान का अनुच्छेद 24 महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह

(A) अस्पृश्यता मिटाता है

(B) 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करता है

(C) दहेज प्रथा पर रोक लगाता है

(D) 14 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को नियोजित करना एक संज्ञेय अपराध घोषित करता है ।

6. अप्रील-मई के दौरान सब्जी तथा दालों की खेती सर्वोत्तम उदाहरण है


(A) खरीफ फसल का

(B) रबी फसल का

(C) जायद खेती का

(D) जीविका के लिए खेती का ।

7. निम्न नक्शा में चिह्नित जगहों के सही संयोजन दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :



(A) a — कोलकाता, b — सूरत, c — विशाखापटनम

(B) a — सूरत, b — कोलकाता, c — विशाखापटनम

(C) a — विशाखापटनम, b — सूरत, c — कोलकाता

(D) a — कोलकाता, b — विशाखापटनम, c — सूरत।

8. भारत में पंचवार्षिक योजनाओं की मशौदा की प्रति को स्वीकृति देने वाला अधिकारी है

(A) राष्ट्रीय योजना आयोग (B) केन्द्रीय वित्त विभाग

(C) राष्ट्रीय विकास परिषद (D) भारतीय रिजर्व बैंक।

9. एक व्यक्ति को गाड़ी खरीदने के लिए नियमित रूप से धन का बचत करना पड़ता है। बैंक में जिस प्रकार का खाता उसको खोलना चाहिये, वह है

(A) बचत बैंक खाता

(B) चालू खाता

(C) आवर्ती जमा खाता

(D) निश्चित अवधि जमा खाता।

10. नास्डाक ( NASDAQ ) में सूचीगत पहला भारतीय कम्पनी निम्न में से कौन है ?

(A) द रिलायन्स कम्पनी

(B) द इनफोसिस टेक्नोलाजीज लि०

(C) विप्रो टेक्नोलाजीज

(D) बायोकॉन लि०।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 14 × 1 = 14

11. भारतीय चरित्रकार मौखिक आधार क्यों चुनते हैं ?

12. खालसा सेनाओं ने ब्रिटिश के विरुद्ध विद्रोह किसलिए किया ?

13. किस यूरोपीय राष्ट्र ने भारत के एक भाग में दीर्घकाल तक शासन किया ?

14. ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिये कर्नाटक सरकार ने कौन-सा कार्यक्रम कार्यान्वित किया ?

15. सर्वप्रथम 'यूनैटेड नेशन्स' पद किसने सृजित किया ?

16. सामाजिक स्तरीकरण से क्या आशय है ?

17. बाल श्रमिक कौन हैं ?

18. किस मौसम में भारत के शेष हिस्सों में वर्षा होने के बावजूद तमिलनाडु में वर्षा नहीं होती ?

19. दक्कन ट्रॉप क्षेत्र में पायी जाने वाली मृदा का प्रकार क्या है ?

20. हमारे जलाशयों की जल संग्रहण क्षमता हाल में कम होती जा रही है। क्यों ?

21. जीविका के लिए खेती क्या है ?

22. भारत में 'हरित क्रान्ति का पितामह' किसे कहा जाता है ?

23. प्रत्यक्ष कर क्या हैं ?

24. एक ठेकेदार देश की सम्पदा होता है। कैसे ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** से **चार** वाक्यों में दें : 15 × 2 = 30

25. ''समुद्र यात्रा के लिए वैज्ञानिक आविष्कार का विकास'' ही कारण है । चर्चा कीजिए ।

26. 'श्रीरंगपटनम की संधि' के पद क्या हैं ?

27. भारतीय समाज को एनी बेसेन्ट द्वारा दिये गये योगदान क्या हैं ?

**अथवा**

मुस्लिम समाज को सर सय्यद अहमद खान द्वारा दिये गये योगदान क्या हैं ?

28. रूस में स्टालिन ने क्या-क्या बदलाव लाया ?

29. साक्षरता दर बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा किये गये किन्हीं चार उपायों को लिखें।

30. ''भारत मानव अधिकार को कारगर बनाये रखने का भरसक प्रयत्न करता है ।'' इस कथन की जाँच करें।

31. महिला सशक्तिकरण में स्व-सहायक समूहों का महत्व लिखें।

32. प्रायद्वीपीय पठारों के आर्थिक महत्व क्या हैं ?

33. भारत में पायी जाने वाली प्राकृतिक वनस्पति के चार प्रकारों के नाम लिखिए।

34. ऊर्जा संसाधन की कमी पर काबू पाने में किये जाने वाले उपचारी उपाय क्या-क्या हैं ?

35. भौगोलिक सूचना व्यवस्था (G.I.S.) के क्या उपयोग हैं ?

36. बाढ़ के क्या कारण हैं ?

37. ''जनसंख्या की तेजी से वृद्धि हमारे राष्ट्र की प्रगति के लिए हानिकारक है।'' कैसे ?

38. ''प्रति व्यक्ति आय विकास की सही मापदण्ड नहीं हो सकता ।'' कैसे ?

39. सार्वभौमीकरण की किन्हीं चार विशेषताओं की सूची बनाइए।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** से **आठ** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

40. ''भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857 ई०) उन्नत परिवर्तन लाया है।'' स्पष्ट करें।

**अथवा**

यातायात तथा संप्रेषण का विकास भारत के स्वतंत्रता आंदोलन लाया ।'' स्पष्ट करें।

41. भारत की विदेश नीति के मौलिक कारक कौन हैं ?

**अथवा**

दूसरे देशों के साथ भारत का संबंध क्यों अच्छा रहना चाहिये ?

42. अस्पृश्यता मिटाने के लिए उठाये गये संविधानात्मक तथा कानूनी कदम क्या-क्या हैं ?

**अथवा**

असंगठित मजदूरों की समस्याएँ क्या हैं ?

43. भारत के पूर्वी तथा पश्चिमी तटों के मुख्य बन्दरगाहों की सूची अलग-अलग बनाइए।

**अथवा**

उद्योगों के स्थानीकरण को प्रभावित करने वाले कारक कौन हैं ?

44. विकेन्द्रीकरण के परिप्रेक्ष्य में गाँधीजी की 'ग्राम स्वराज्य' की अवधारणा की व्याख्या करें।

**अथवा**

केन्द्र सरकार के कर रहित आमदनी के पहलुओं का उल्लेख करें ।

45. बैंक के कार्य क्या-क्या हैं ?

**अथवा**

कोई बीमा पालिसी ग्रहण करते समय किन बातों पर ध्यान देना चाहिये ?

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

46. ''नेहरू स्वतंत्र भारत में विकासात्मक कार्यक्रमों के पितामह थे।'' स्पष्ट करें।

VI. 47. भारत का रेखा मानचित्र ( नक्शा ) बनाकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 3 = 4$

a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर रेखा

b) भाकरा-नानगल

c) नर्मदा नदी-घाटी परियोजना।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 47 के बदले में )**

हिमालय से क्या लाभ हैं ? 4